ज्योतिर्मय जीवन

मूल्य – 5 रुपये



# तारांशु

मासिक

मई, 2013

वर्ष 1, अंक 10, पृ.सं. 20 संपादक :- कल्पना गोयल

आशीर्वाद –

डॉ. कैलाश 'मानव'
संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी,
नारायण सेवा संस्थान ( ट्रस्ट ), उदयपुर

मुख्य संरक्षक तारा संस्थान –

श्री एन.पी. भार्गव
उद्योगपति एवं समाज सेवी, दिल्ली

# खेलते हैं, कूदते हैं, रुठते हैं, मनाते हैं, प्यार करते हैं, शरमाते हैं, तीज त्योहार, सारी खुशियाँ मनाते हैं, एक से अनेक हो जाते हैं।

## आनन्द वृद्धाश्रमों में आयोजित उत्सव एवं सहभागिता करते आवासी बन्धु



गणगौर उत्सव



भजन मण्डली



रामनवमी उत्सव

तारांशु - वर्ष 1, अंक - 10, मई, 2013

# अनुक्रमणिका


| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| *वृद्धाश्रम में उत्सव* | *2* |
| *अनुक्रमणिका* | *3* |
| *सम्पादक की कलम से* | *4* |
| *एक विज्ञापन एक खबर* | *5* |
| *गौरी योजना* | *6-7* |
| *तृप्ति सेवा* | *8* |
| *वृद्धाश्रम से* | *9* |
| *मोतियाबिन्द जाँच - चयन शिविर* | *10-14* |
| *Do good anyway, Tara Contact* | *15* |
| *Our Donors* | *16-17* |
| *Our Bank Account* | *18* |
| *The gift of vision* | *19* |


## आपका पत्र

''जय श्री कृष्ण''  ''जय श्री राधे''  ''जय गौमाता''  ''जय गोविन्द''

तारा संस्थापक की संस्थापक एवम् अध्यक्ष को मेरा व मेरे परिवार का कोटि-कोटि नमन!

पिछले करीब डेढ़ साल से मैं तारा के लिए कुछ देना चाह रहा था किन्तु परिस्थिति नहीं बन पायी। जिन्दगी के हजारों झंझटों से एक अच्छे काम के लिए समय व धन निकाला मैं समझता हूँ एक मध्यम वर्ग के लिए कठिन ही होता है लेकिन दिल में लगन हो, मन में चाह हो तो मेरा मोहन हर इच्छा पूरी करता है और आज मेरे श्याम ने मेरी भी इच्छा पूरी कर दी है। मैं इस पत्र के साथ 22000 रुपये का चैक, जिसका नम्बर 186350 है संलग्न कर रहा हूँ। मेरी आपसे हाथ जोड़कर विनती है कृपया इस चैक को 2 मई के बाद ही जमा करें ताकि मेरे खाते में धन उस समय उपलब्ध है। मैं एक फौजी हूँ। जिन्दगी हमारी देश की सीमाओं पर तो कभी देश की सीमाओं के भीतर गुजरती है। इतना कुछ लिख नहीं सकता हूँ। मुझे दो लाइन याद आ रही है यदि तारांशु में इन्हें जगह मिल जाये तो मैं इसे अपना परम सौभाग्य समझूंगा।

''फूल अपने चमन में खिला लेते हैं सभी
कभी दूसरे के चमन में खिला दीजिए।

जिन्दगी तेरी खुशियों से भर जायेगी
कभी किसी रोते हुए को हंसा दीजिए।।''

नायब सुबेदार सुखवीर सिंह
लखनऊ



'तारांशु' - स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240-ए, हिरण मगरी, सेक्टर - 6, उदयपुर, राजस्थान से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री सत्यप्रकाश कुमार शर्मा द्वारा सागर ऑफसेट प्रिन्टर, इण्डिया प्रा. लि. प्लॉट नं. 518, इकोटेच - III, उद्योग केन्द्र एक्टेंशन - II, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर ( उत्तर प्रदेश ) में मुद्रित, सम्पादक - श्रीमती कल्पना गोयल



*कुणाल*



*रेखा जी*



*हिमांशु*

*गौरी योजना (विधवा महिलाओं को 1000 रु प्रतिमाह पेंशन) के फॉर्म लगातार आते रहते हैं और प्रतीक्षा में 300 से अधिक फॉर्म रखे हैं.... मेरी आँखें हमेशा गीली हो जाती हैं.... इन्हें देखकर मुझे पता है ये प्रतीक्षा संख्या भी छोटी है अगर पेंशन स्कीम लगातार चलाए.... तो भी हमेशा जरूरत है....पर सिर्फ 1000 रुपये ही पहुँच रहे हैं, ये बात तकलीफ पहुँचाती है बहुत.... पर समझ नहीं आता.... कैसे समाधान हो.....*

*21/11/2011 को रेखा जी अपने पति जितेन्द्र और दोनों बेटे हिमांशु और कुणाल के साथ चित्तौड़ से बाइक पर बैठकर उदयपुर आ रही थी .... कि ट्रक से एक्सीडेन्ट की वजह से जितेन्द्र की वहीं मृत्यु हो गई और छोटा बेटा कुणाल बुरी तरह से घायल हो गया....*

*कुणाल जिसकी उम्र 5 साल है..... कमर के नीचे से PARALYZED हो गया है.....*

*जितेन्द्र जी चाय का ठेला लगाते थे जिन्दगी आसान सी थी एक खुश नुमा परिवार बहुत ही प्यारे से दो बेटे..... पर  अब रेखा जी के लिए पति की मृत्यु के गम से भी बड़ा गम अपने छोटे से बेटे को इस हाल मे देखने का है..... अभी पिता के पास रह रही है अपने बच्चों के साथ....पर पिताजी की आर्थिक स्थिति भी ठीक नही है सौ कुणाल का इलाज नहीं हो पा रहा है.... ''तारा'' कुणाल का इलाज करवाएगी.... । कुछ भी समझ नहीं आता जिन्दगी कब कैसे कहाँ किस मोड़ पर लाकर खड़ा कर देती है..... पर रेखा जी की स्थिति देखकर तो बस ईश्वर से शिकायत करने को जी चाहता है.....*

*''तारा'' अभी पिछले 6 माह से 1000 रु. महीना पेंशन दे रही है और अब कुणाल का इलाज भी करवाएगी.... आप भी कुणाल के इलाज के लिए अपना सहयोग भिजवा सकते हैं.............*

*बिखरे हो जीवन के रंग सारे*
*छाए हो राहों पर अंधियारे*
*पतझड़ सा चाहे ये जीवन लगे*
*पर अभी कुछ मधुमास बाकी है*
*उम्मीद का दामन मत छुड़ाओं*
*कि अभी आस बाकी है.......*



**कल्पना गोयल**
संस्थापक एवम् अध्यक्ष

# एक विज्ञापन.... एक खबर....

इन दिनों टी.वी. पर एक विज्ञापन आ रहा है जिसमें एक युगल वृद्धाश्रम में सकुचाते हुए जाता है तो वृद्धाश्रम व्यवस्थापक उन्हें समझाती है कि चिन्ता मत कीजिए हम आपके माता - पिता का पूरा खयाल रखेंगे। वे यहाँ आराम से रहेंगे, लेकिन वे पति-पत्नी उन्हें यह कहते हैं कि हमारे माता - पिता नहीं हैं हम तो वृद्धाश्रम में माता - पिता गोद लेने आए हैं। छोटा सा विज्ञापन 25-30 सैकण्ड में बहुत ही सुखद एहसास करा जाता है....

इन्हीं दिनों उदयपुर के दैनिक समाचार पत्र में एक ऐसी खबर भी पढ़ी जो बहुत से विचार मन में जगा देती है.... खबर यह थी कि एक महिला और उनका बेटा वैष्णों देवी घूमने गए साथ में महिला के 75 वर्षीय पति भी थे। वापसी में माँ बेटा अकेले आए कि पति की वैष्णों देवी में ही मृत्यु हो गई और वहीं दाह संस्कार कर दिया जब बारहवें और पगड़ी रस्म की तैयारी चल रही थी तो वह बढ़ा व्यक्ति वापस जिंदा लौट आया उसने बताया कि उसकी पत्नी और बेटा वैष्णों देवी की सीढ़ियों पर बैठा कर आ गए कि थोड़ी देर में आते हैं.... वह दो दिन तक इंतजार करता रहा और फिर लोगों ने खाना खिलाकर जैसे - तैसे ट्रेन में बैठाया तो वह अपने गाँव आया....

उपरोक्त दोनों बातें इसलिए ध्यान आकर्षित कर गई क्योंकि ''तारा'' में हम वृद्ध लोगों के लिए काम करते हैं और जब विज्ञापन में वृद्ध माता - पिता को गोद लेने की बात सामने आई तो कुछ ऐसा ही लगा कि तारा में जो वृद्ध वृद्धाश्रम में रह रहे हैं उन्हें भी तो किसी-न-किसी ने सहारा दे रखा है तभी हम उनके आवास, भोजन, चिकित्सा आदि सभी जरूरत पूरी कर रहे हैं, तारा में जिन वृद्धजन के नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन हो रहे हैं उसे भी कोई-न-कोई दृष्टि प्रदान करवा रहा है जो उन्हें जानता भी नहीं और इसी तरह तृप्ति में जिन बुजुर्गों को हम मासिक राशन दे रहे हैं उनकी भूख मिटाने का सुख भी तो बहुत से जाने अनजाने लोग ले रहे हैं जो सिर्फ इस यकीन के साथ तारा से जुड़े कि उनके छोटे बड़े सहयोग से तारा कुछ जरूरतमन्द का भला तो कर पाएगी....

अब समाचार पत्र की खबर की बात करें तो.... वृद्ध लोगों के लिए बहुत से किस्से सुने कि बच्चों ने माता - पिता को घर से निकाल दिया या उनकी देखभाल नहीं की लेकिन इस खबर को पढ़कर एक प्रश्न का उत्तर नहीं मिला कि एक पत्नी ने अपने बेटे के साथ मिलकर क्यों अपने पति को छोड़ दिया....

जो भी उत्तर हो हमारा इतना बड़ा देश है और इतनी जनसंख्या में बहुत से ऐसे बच्चे होंगे जो माता - पिता गोद लेगे और बहुत से होंगे जो उनकी कद्र नहीं करेंगे।.... हम तो बस अपना काम जितना बन पड़े उनकी लिए करेंगे क्योंकि हमें पता है कि तारा का बहुत बड़ा परिवर है और यह बढ़ता रहेगा....

- दीपेश मित्तल

# गौरी सेवा योजना

तारा संस्थान के संरक्षक एवं प्रसिद्ध व्यवसायी - समाज सेवी श्री सत्यभूषण जैन ने तारा संस्थान की गौरी योजना में 10 असहाय विधवा महिलाओं को 1 वर्ष की अवधि के लिए आर्थिक सहयोग देने का संकल्प किया है। श्री सत्यभूषण जैन के सौजन्य से जिन 10 विधवा महिलाओं का 1 वर्ष के लिए प्रतिमाह 1000 रुपया प्रति महिला की दर से चयन किया गया उनका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है -



नाम - सुनीता देवी आयु - 30 वर्ष
निवास स्थान - गुड़गाँव ( हरियाणा )
पारिवारिक दायित्व - पति का निधन हो गया है तथा मेरा एक 5 वर्षीय पुत्र है। पति के निधन के बाद बिल्कुल बेसहारा हो गई हूँ। मेरे माता-पिता भी बहुत गरीब हैं तथा ससुराल का भी कोई सहारा नहीं है। मैं बहुत दु:खी हूँ।

नाम - रीतु व्यास आयु - 34 वर्ष
निवास स्थान - कोटा ( राज. )
पारिवारिक दायित्व - पति का निधन हो गया है। एक पुत्र एवं एक पुत्री की जिम्मेदारी मुझ पर है। बच्चों की पढ़ाई एवं पालन - पोषण पर बहुत व्यय होता है। घर खर्च चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।





नाम - राखी केसवानी आयु - 35 वर्ष
निवास स्थान - कोटा ( राज. )
पारिवारिक दायित्व - पति के निधन के बाद पुत्र जतीन एवं पुत्री नन्दनी की जिम्मेदारी मुझ पर है। आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। बच्चों के पालन - पोषण में बहुत तकलीफ होती है।

नाम - श्रीमती अविनाश आयु - 33 वर्ष
निवास स्थान - अम्बाला ( हरियाणा )
पारिवारिक दायित्व - पति के निधन के बाद 2 नाबालिक पुत्र एवं पुत्री की जिम्मेदारी मुझ पर आ पड़ी है। घर में कोई कमाने वाला व्यक्ति नहीं रहा इसलिए बच्चों के पालन - पोषण में परेशानी का सामना करना पड़ता है।





नाम - उषा जैन आयु - 32 वर्ष
निवास स्थान - करनाल
पारिवारिक दायित्व - 2 बच्चों की जिम्मेदारी मुझ पर है। पति की नौकरी भी नहीं होने के कारण घर चलाना मुश्किल पड़ रहा है। आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है।



नाम - रेखा आयु - 34
निवास स्थान - करनाल
पारिवारिक दायित्व - पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कोई कार्य नहीं कर पाते। मेरे छोटे-छोटे 3 बच्चें हैं पति के अलावा कोई कमाने वाला नहीं है। बच्चों की पढ़ाई एवं घर खर्च चलाने में, मैं अपने आप को असहाय महसूस कर रही हूँ।

नाम - सुनीता देवी आयु - 35
निवास स्थान - करनाल
पारिवारिक दायित्व - 2 लड़के एवं 2 लड़कियों की माता घर खर्च चलाने एवं बच्चों की पढ़ाई में कॉफी परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है। पति भी कमाने में असमर्थ हूँ।





नाम - रानी आयु - 45
निवास स्थान - करनाल
पारिवारिक दायित्व - 1 पुत्र, 2 पुत्री की माता। बच्चों की पढ़ाई एवं घर खर्च में कॉफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पति की आय भी कम है।

नाम - मधु बाला आयु - 45 वर्ष
निवास स्थान - उत्तम नगर, दिल्ली
पारिवारिक दायित्व - पति के निधन के बाद बच्चों के पालन - पोषण में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय है। घर खर्च चलाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





नाम - जशोदा आयु - 50
निवास स्थान - डूँगरपुर (राज.)
पारिवारिक दायित्व - आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है। एक पुत्र एवं पुत्री का पालन - पोषण एवं पढ़ाई में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार की तरफ से कोई सहयोग नहीं।

मानवीय संवेदनाओं को आहत करने वाली असहाय विधवा महिलाओं की पीड़ाओं को कुछ कम करने के प्रयास के प्रति यदि आप भी इच्छुक हों, तो कृपया प्रति विधवा महिला 1000 रु. प्रतिमाह की दर से - 01 माह, 03 माह, 06 माह, 01 वर्ष या इससे भी अधिक अवधि के लिए अपना दान-सहयोग 'तारा संस्थान' को प्रेषित करने का अनुग्रह करें।

# तृप्ति सेवा - खाद्य सामग्री वितरण

आपसे प्राप्त दान सहयोग के माध्यम से निर्धन बुजुर्गों की सहायता हेतु प्रारम्भ की गई तृप्ति योजना में 250 से ऊपर ऐसे निर्धन बुजुर्गों को खाद्य सामग्री सहायता पहुँचाई जा रही है, जिनका न तो कोई आश्रय है न ही कोई सम्बल स्रोत। तारा के पास ऐसे कई अभ्यर्थियों के आवेदन आये हैं, जिनकी निर्धनता के कारण और वृद्धावस्था के कारण हालत बहुत ही दयनीय हैं। इनके दो समय भरपेट भोजन का भी कोई ठिकाना नहीं। ऐसे कुछ निर्धन बुजुर्गों के तृप्ति योजना में दान सहयोग करके भूख की पीड़ा से कुछ राहत ले रहे बुजुर्गवर्ग –





तारा संस्थान द्वारा संचालित तृप्ति योजना के अन्तर्गत दिनांक 26.04.2013 को करणपुर तहसील वल्लभनगर में अन्न वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अन्न वितरण में सहयोग करने वालों में दिल्ली के सुप्रसिद्ध समाज सेवी श्री विजय आनन्द जी, श्री सरदार अकतर सिंह जी, श्री गुलशन जी अरोड़ा, श्री राजवीर जी एवं श्री अरोड़ा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

'तृप्ति योजना' के अन्तर्गत प्रत्येक बुजुर्ग को निम्नानुसार मात्रा में 1500/- मूल्य की खाद्य-सामग्री सहायता प्रतिमाह वितरित की जा रही है।

आटा - 10 कि.ग्रा., चावल - 2 कि.ग्रा., दालें - 1.5 कि.ग्रा., खाद्य तेल - 1 कि.ग्रा., शक्कर - 1.5 कि.ग्रा., मसाले ( धनिया, मिर्च, हल्दी ) - 500 ग्रा., नमक - 1 कि.ग्रा., साबून - 2, नकद राशि - रु. 300 ( शाक - सब्जी के लिए )। खाद्य - सहायता व्यय - रु.1500 प्रति व्यक्ति, प्रतिमाह

वर्तमान में तृप्ति योजना के अन्तर्गत 252 बुजुर्ग बन्धुओं को प्रतिमाह उपर्युक्त मात्रानुसार खाद्य सामग्री पहुँचाई जा रही है। आपके सहयोग सौजन्य से यह संख्या 500 करने का लक्ष्य है।

आपसे प्रार्थित खाद्य-सामग्री सहयोग-सौजन्य राशि
रु. 4500 ( 3 माह ), रु. 9000 ( 6 माह ), रु. 18000 ( एक वर्ष )

# वृद्धाश्रम से



85 वर्षीय श्री शम्भु दयाल जोशी, चितौड़गढ़ जिले के निवासी हैं। आप 1989 में राजकीय सेवा से प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए। सेवा निवृत्ति के बाद से ही परिव्राजक का जीवन जी रहे हैं। यद्यपि परिवार में चार पुत्र, एक पुत्री एवं 8 पौते - पौतियाँ एवं पत्नी सहित भरा पूरा परिवार है, पर इन्हें कभी ग्रहस्थी का पूर्ण सुख कभी नहीं मिला। अपने सेवाकाल में भी ये अकेले ही रहे। सेवानिवृत्ति के पश्चात भी इन्हें परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण नहीं मिला और ये एक स्थान से दूसरे स्थान घुमते फिरते रहे। मन्दिरों, देवस्थानों, विद्यालयों में पूजा-पाठ, अर्चना या शिक्षण आदि कार्य करते रहे। इस कार्य के बदले प्राप्त होने वाली दान दक्षिणा और अपनी पेंशन राशि से सामाजिक सेवा के कार्य किये। मन्दिरों का जिर्णोद्धार, साधु संन्यासियों के लिए कुटिया निर्माण, मेधावी छात्रों को आर्थिक प्रोत्साहन सहायता आदि कार्यों में अपना समय बिताया। इसी क्रम में आपको तारा संस्थान के वृद्धाश्रम की जानकारी मिली और शेष जीवन यहीं रहकर व्यतीत करने की इच्छा हुई है। परिवार के प्रति इनका कोई मोह आकर्षण नहीं है, और परिवार वालों को भी इनकी चिन्ता नहीं है। यहाँ आकर श्री शम्भु दयाल जोशी प्रसन्न हैं और वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं से पुरी तरह सन्तुष्ट हैं।

# जन्मदिन मनाया

वृद्धाश्रम के आवासियों को पारिवारिक वातावरण का एहसास करवाने के लिए तारा संस्थान द्वारा आवासियों के जन्म दिन, विवाह वार्षिकी आदि उत्सव आयोजित किये जाते हैं। इसी क्रम में श्री विवेकानन्द का जन्म दिन 13 अप्रैल, 2013 को एवं श्री प्रदीप वेर्णकर का जन्मदिन 18 अप्रैल, 2013 को तारा संस्थान परिवार के सदस्यों एवं आनन्द वृद्धाश्रम के आवासियों ने हर्षोल्लास से मनाया और इन्हें स्वस्थ, सुदीर्घ और सुखी जीवन की शुभकामनाएँ दी।



जन्मदिन 13 अप्रैल, 2013 हार्दिक बधाई




जन्मदिन 18 अप्रैल, 2013 हार्दिक बधाई

आप भी यदि किसी असहाय बुजुर्ग बन्धु के लिए 'आनन्द वृद्धाश्रम' में आवास की मानवीय सुविधा उपलब्ध करवाने की सेवा भावना रखते हैं, तो कृपया प्रति बुजुर्ग 5000 रु. प्रतिमाह की दर से अपना दान सहयोग 'तारा संस्थान' को प्रेषित करने की कृपा करें।

01 माह - 5000 रु., 03 माह - 15000 रु., 06 माह - 30000 रु., 01 वर्ष - 60000 रु.

# मोतियाबिन्द जाँच शिविर

तारा संस्थान द्वारा निर्धन वृद्ध बन्धुओं की आँखों में सामान्यत: पाये जाने वाले मोतियाबिन्द के निदान और ऑपरेशन हेतु चयन के लिए शिविर आयोजित किये जाते हैं। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं की स्थिति अधिक ही पीड़ादायक है, क्योंकि प्रथम तो उन्हें मोतियाबिन्द-ऑपरेशन की सुविधा आसानी से उपलब्ध नहीं है एवं द्वितीय, निर्धनता उनकी चिकित्सा में बड़ा अवरोधक है। तारा संस्थान ने ऐसे निर्धन बन्धुओं की जाँच हेतु शिविर लगाने एवं चयनित मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं के शिविर स्थल के निकटवर्ती कस्बे या शहर में स्थित अधुनातन सुविधाओं से सम्पन्न नेत्र चिकित्सालयों या संस्थान के उदयपुर स्थित 'तारा नेत्रालय' में सर्वथा नि:शुल्क ऑपरेशन करवाने का कार्य प्रारंभ किया है। नि:शुल्क सुविधाओं में मोतियाबिन्द की जाँच, दवाइयाँ, लेंस, ऑपरेशन, चश्मे, रोगियों का परिवहन, भोजन तथा देखभाल आदि सम्मिलित है।

## शिविर विवरण

'तारा संस्थान' द्वारा माह मार्च - अप्रैल, 2013 की अवधि में आयोजित मोतियाबिन्द जाँच, चयन शिविर व ऑपरेशन का संक्षिप्त विवरण

| दिनांक | स्थान | सौजन्यकर्त्ता | कुल ओ.पी.डी. | ऑपरेशन |
|---|---|---|---|---|
| 06 मार्च, 2013 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर (राज.) | माता सौ. वनिता ध्यानेश्वर टुपे, निवासी - पुणे (महा.) | 102 | 17 |
| 17 मार्च, 2013 | इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी सिविल हॉस्पीटल, कैम्पस सूरतगढ़ रोड, श्री गंगानगर (राज.) | मैसर्स मनोज कुमार पंकज कुमार, 138 नई धान मण्डी एवं रोटरी क्लब, श्रीगंगानगर, मारवाड़ | 201 | 22 |
| 18 मार्च, 2013 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर (राज.) | सौ. चन्दादेवी चपलोत, ईश्वर लाल चपलोत, निवासी - राजनगर, हॉल मु. - मुम्बई (महा.) | 106 | 05 |
| 22 मार्च, 2013 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर (राज.) | भाई श्याम सुन्दर जी बजाज (अंकित टैक्सटाईल्स) इच्छलकरणजी (कोल्हापुर) महा. | 102 | 05 |
| 25 मार्च, 2013 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर (राज.) | श्रीमान् राजेश इन्द्र कुमार गोठी, निवासी - पुणे (महा.) | 96 | 03 |
| 29 मार्च, 2013 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर (राज.) | नरेड़ी परिवार, नीमच (म.प्र.), मै. शशि मेडिकल एवं बंसल परिवार, निवासी - उदयपुर (राज.) | 78 | 08 |
| 02 अप्रैल, 2013 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर (राज.) | श्री बी. एन. सिंघल, निवासी - पुणे (महा.) | 102 | 16 |
| 02 अप्रैल, 2013 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर (राज.) | श्रीमान् तारा चन्द जी सोनी एवं श्री तारा चन्द अग्रवाल, निवासी - लाडनू (नागौर) | 112 | 07 |
| 02 अप्रैल, 2013 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर (राज.) | श्रीमान् तारा चन्द जी सोनी एवं श्री तारा चन्द अग्रवाल, निवासी - लाडनू (नागौर) | 112 | 07 |
| 03 अप्रैल, 2013 | तारा नेत्रालय, WZ - 270, गाँव - नवादा, उत्तम नगर, दिल्ली - 59 | राठौड़ एवं कम्पनी, नांगलोई, दिल्ली - 110041 | 62 | 06 |
| 08 अप्रैल, 2013 | तारा नेत्रालय, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर (राज.) | श्री मोहन जी नेनवानी, निवासी - गोविन्दपुरा, भोपाल (म.प्र.) | 121 | 12 |

# पावन स्मृति में आयोजित शिविर



स्व. श्री पवन कुमार जैन एवं स्व. श्रीमती उर्मिला जैन की पावन स्मृति में डी.बी. जैन सी.ए.डी, एन्जल ग्रुप, दिल्ली के सौजन्य एवं सेतु फाउण्डेशन ( मुख्य ट्रस्ट डॉ. ईश्वर सिंह ), दिल्ली के सहयोग से 7 अप्रैल, 2013 को तारा संस्थान उदयपुर द्वारा गाँव-फैजुल्लापुर, बागपथ, यू.पी. में शिविर आयोजित किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि श्री राज बाबु सिंह, पुलिस अधीक्षक, बागपथ थे। शिविर में 1000 रोगियों की जाँच की गई, जिनमें से 10 रोगी ऑपरेशन के लिए चयनित किये गये। 200 रोगियों को चश्मे वितरित किये गये एवं शेष को दवाइयाँ एवम् परामर्श दिया गया। चयनित रोगियों के तारा नेत्रालय, नवादा, दिल्ली में ऑपरेशन किये गये।

# शिविर सौजन्य




श्रीमती प्रभा देवी नागलिया, निवासी – सूरत के सौजन्य से 14 अप्रैल, 2013 को तारा संस्थान द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द, ऑपरेशन हेतु चयन शिविर का पर्वत गाँव – सूरत में आयोजन किया गया। शिविर में कुल – 158 नेत्र रोगियों की जाँच की गई, जिनमें से 13 मोतियाबिन्द ग्रस्त रोगी ऑपरेशन के लिए चयनित किये गये। चयनित रोगियों के संजीवनी आरोग्य ट्रस्ट, सूरत में निःशुल्क ऑपरेशन करवाये गये। शिविर में उपस्थित महानुभावों में कोकिला बेन – भुपेन्द्र भाई शाह, ज्योत्स्ना बेन, श्री जगमोहन चौकसी, श्री अशोक भाई चेरी वाला, श्री नवीन भाई एवं अलका बेन सहित नगर के समाज सेवी एवं गण्यमान्य अतिथि उपस्थित थे। शिविर का संचालन तारा संस्थान के प्रतिनिधि श्री प्रकाश आचार्य ने किया। यह स्मरणीय है कि तारा संस्थान द्वारा आयोजित किये जाने वाले सभी शिविर रोगियों की जाँच, ऑपरेशन, लैंस, दवाइयाँ एवं भोजन तथा आवश्यकतानुसार रोगियों के परिवहन आदि सहित सर्वथा निःशुल्क सम्पन्न करवाये जाते हैं। इन शिविरों के आयोजन में सौजन्यकर्त्ता, दानदाताओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहता है।

# चौधरी कंवर सिंह तंवर का सम्मान



तारा संस्थान के संरक्षक श्री सत्यभूषण जैन ने समाज सेवी चौधरी कंवर सिंह तंवर सेवा केन्द्र के संस्थापक अध्यक्ष श्री चौधरी कंवर सिंह तंवर का उनकी मानवीय सेवाओं के लिए दिनांक 5 अप्रैल, 2013 को दिल्ली में सम्मान किया। यह उल्लेखनीय है कि चौधरी श्री कंवर सिंह तंवर सेवा केन्द्र के माध्यम से उतर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान तथा दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में जो सेवा कार्य किये जा रहे हैं, उनमें प्रमुख हैं- पूरे देश में 22-23 मोबाइल डिस्पेंसरियों का संचालन, निर्धन कन्याओं के विवाह आयोजन, विकलांगों को तिपाहिया साइकिल वितरण, प्रतिभावान किन्तु निर्धन छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग, खिलाड़ियों, शिक्षकों, सैनिकों तथा स्वतन्त्रता सैनानियों के सम्मान कार्यक्रम, शीतकाल में निर्धनों को कम्बल एवं शॉल वितरण आदि अनेक सेवा कार्य। इन सेवा कार्यो हेतु श्री चौधरी सरकार से किसी तरह का अनुदान नहीं लेते हैं, अपितु सारा व्यय अपने निजी फण्ड से करते हैं। तारा संस्थान को ऐसे समाज सेवी का सम्मान करने पर गर्व है।

# OKAYA Foundation ...Happiness forever के सौजन्य से 4 शिविर आयोजित

देश की प्रसिद्ध एवम् पावर कम्पनी ओकाया पावर लिमिटेड ने तारा संस्थान के तत्त्वावधान में 10 मोतियाबिन्द जाँच-ऑपरेशन हेतु चयन शिविरों के आयोजन का संकल्प किया है।

इन्वर्टर एवं यू.पी.एस बैटरी के निर्माण में जापानी तकनीक के समन्वय से ऊर्जा उपकरणों के निर्माण में यह अग्रणी कम्पनी है जिसमें नवीनतम नवाचारों के साथ बैटरी आदि उपकरणों का निर्माण होता है। ओकाया की देशभर में सात निर्माण इकाइयाँ, 27 शाखा कार्यालय, 210 ग्राहक सेवा केन्द्र, 470 वितरक एवं 32 हजार डीलर हैं। ओकाया वैश्विक सूचना तकनीकी केन्द्र में भी कार्य कर रही है। ओकाया के वर्तमान में 50 लाख से अधिक ग्राहक हैं जो ओकाया के उत्पादनों से पुरी तरह सन्तुष्ट हैं।

अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी ओकाया अग्रणी है। सामाजिक सेवा में अपनी सक्रिय सहभागिता की दृष्टि से ओकाया ने निर्धन नेत्र रोगियों के नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु तारा संस्थान के माध्यम से 10 शिविर आयोजित करने की प्रतिबधत्ता व्यक्त की है जिनमें से 4 शिविर आयोजित किये जा चुके हैं। शिविरों का विवरण निम्नानुसार है-

| शिविर दिनांक | ओ.पी.डी. | चयनित रोगी | चश्मे |
|---|---|---|---|
| 06 अप्रैल, 2013 | 560 | 22 | 140 |
| 14 अप्रैल, 2013 | 265 | 10 | 72 |
| 21 अप्रैल, 2013 | 400 | 06 | 157 |
| 28 अप्रैल, 2013 | 670 | 05 | 130 |

चयनित रोगियों के नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन तारा नेत्रालय नवादा, दिल्ली में सम्पन्न करवाये गये हैं। तारा संस्थान परिवार ओकाया कम्पनी के इस सहयोग सौजन्य के लिए आभार व्यक्त करता है।





दिनांक : 05 अप्रैल, 2013
स्थान : जगदीश मन्दिर, एफ.डी. ब्लॉक, पीतमपुरा, दिल्ली

सौजन्यकर्त्ता :
श्री सनातन धर्मसभा जगदीश मन्दिर, पीतमपुरा, दिल्ली

कुल ओ.पी.डी. - 200
ऑपरेशन के लिए चयनित - 15
चश्मे - 130

दिनांक : 07 अप्रैल, 2013
स्थान : न्यू ऐज पब्लिक स्कूल, प्लॉट नं. 12,
गली नं. 10, गुप्ता एन्क्लेव, विकास नगर, दिल्ली

सौजन्यकर्त्ता :
पेक्सल टेक्नोलॉजी ( प्रा.लि. ), दिल्ली

कुल ओ.पी.डी. - 230
ऑपरेशन के लिए चयनित - 8





दिनांक : 13 अप्रैल, 2013
स्थान : श्री हनुमान मन्दिर, कस्तुरबा, ग्राम कुष्ठ आश्रम,
ताहिरपुर, शाहदरा, दिल्ली - 95

पावन स्मृति :
स्व. श्री बख्तावर मल गोयल - स्व. श्रीमती सोनिया गोयल,
निवासी - दिल्ली

कुल ओ.पी.डी. - 200
ऑपरेशन के लिए चयनित - 7

दिनांक : 14 अप्रैल, 2013 स्थान : श्री मारवाड़ी,
औषधालय, 2766, किनारी बाजार, चान्दनी चौक, दिल्ली - 06

सौजन्यकर्त्ता :
श्रीमती शिवानी, श्री अजय गुप्ता, श्रीमती विमला - श्री अशोक गुप्ता,
श्रीमती सुविधा - श्री राकेश गुप्ता, श्रीमती मंजु - श्री रवि गुप्ता,
निवासी - दिल्ली

कुल ओ.पी.डी. - 130
ऑपरेशन के लिए चयनित - 6





# राष्ट्रपति को पुष्पगुच्छ भेंट

तारा संस्थान के संरक्षक एवं उद्योगपति श्री सत्यभूषण जैन ने महावीर जयन्ती के उपलक्ष्य में महामहिम राष्ट्रपति, प्रणव मुखर्जी से भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा तारा संस्थान की गतिविधियों से अगवत कराया।



# हार्दिक बधाई

जाने माने समाज सेवी सत्यभूषण जैन जी को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर एन.डी.टी.वी. के चीफ/सी.ओ. प्रणव रॉय ने बधाई दी।

# जन्म दिन के उपलक्ष्य में शिविर आयोजित

तारा संस्थान के सम्बल एवम् सहयोगी दिल्ली निवासी उद्योगपति एवं प्रसिद्ध समाजसेवी श्री रमेश सचदेवा ने धर्मपत्नी श्रीमती शमा सचदेवा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 16 अप्रैल, 2013 को मोतियाबिन्द जाँच-ऑपरेशन हेतु चयन शिविर के आयोजन का सौजन्य किया। श्रीमती शमा सचदेवा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित यह शिविर अजय पार्क, नजफगढ़, दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें 310 नेत्र रोगियों की जाँच की गई जिसमें से 5 रोगियों का मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयन हुआ और 200 रोगियों को चश्मे वितरित किये गये।इस अवसर पर तारा संस्थान परिवार द्वारा श्रीमती शमा सचदेवा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ और श्री रमेश सचदेवा के प्रति आभार व्यक्त करता है।

# "भोपाल कैम्प"



तारा संस्थान, उदयपुर द्वारा भोपाल के समाज सेवी डॉ. श्रीमती ममता माहेश्वरी एवं इंजी. रमेश चन्द्र माहेश्वरी के सौजन्य से निः:शुल्क मोतियाबिन्द जाँच एवं ऑपरेशन हेतु चयन शिविर का दिनांक 07 अप्रैल, 2013 को भोपाल में आयोजन किया गया। शिविर में 220 रोगियों के नेत्रों की जाँच की गई इनमें से 38 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया किन्तु ऑपरेशन सम्बन्धी आवश्यक परीक्षण के बाद 30 रोगी ऑपरेशन के योग्य पाये गये। जिनके भोपाल स्थित पीपुल्स हॉस्पीटल में निः:शुल्क ऑपरेशन करवाए गये। 97 रोगियों को चश्मे वितरीत किये गये व शेष रोगियों को नेत्र रोग निवारण सम्बन्धी 160 जनों को दवाइयाँ दी गयी। शिविर में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री रमेश शर्मा ( गुट्टू भैया ) थे। शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता माँ आशापुरा दरबार की सुश्री गीता माताजी ने की।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्री रामस्वरूप गट्टानी, मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष श्री डी.पी. गोयल, डॉ. जी.वी. द्विवेदी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.डी. सर्राफ, श्री राजेश सोनी, श्री जे.एल. राठौड़ आदि गण्यमान्य नागरिक उपस्थित थे।भोपाल शाखाध्यक्ष श्री विष्णुशरण सक्सेना ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी।पीपुल्स हॉस्पीटल के डॉ. अंजलि शर्मा, डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. सुनील द्विवेदी एवं अन्य स्टाफ का भी पूर्ण सहयोग रहा।संस्थान के निदेशक, श्री विजय सिंह चौहान ने शिविर सौजन्य के लिए श्री माहेश्वरी दम्पत्ति के प्रति आभार व्यक्त किया तथा तारा संस्थान के विविध सेवा प्रकल्पों की विस्तृत जानकारी भी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री पंकज सक्सेना ने किया।

# Do Good - Anyway

"People are often unreasonable and self-centered. Forgive them anyway.
If you are kind, people may accuse you of ulterior motives. But, be kind anyway.
If you are honest, people may cheat you. But you be honest anyway.
If you find happiness, people may be jealous. But, be happy anyway.

The good you do today may be forgotten tomorrow. But, Do good anyway.
Give the world the best you have and it may never be enough. Give your best to the World, anyway.

For you see, in the end, it is between you and God.
It was never between you and the People anyway."

\- Mother Teresa
Send by **Mr. J.H. Lalla,** Mumbai

# FCRA

Tara Sansthan is registered under Foreign Contribution Regulation Act (FCRA) with the Govt of India for receiving Donations from Foreign Countries)

# 'Tara' Contact Details - Office

**Mumbai Ashram**
Mahendra & Mahendra Implies Co. H. Society
Park View Builing, B - 26 IInd Floor,
Kulupawadi, Boriwali (E) Mumbai 400066
Shri Amit Vyas Cell : 07666680094
Shri Madhusudan Sharma Cell : 09870088688

**Gurgaon Ashram**
B-30, Old DLF Colony,
Sector - 14,
Gurgaon (Haryana)
Shri Kamlesh Joshi
Cell : 08285240611

**Surat Ashram**
295, Chandralok Society,
Parwat Gaon, Surat (Guj.)
Shri Prakash Acharya
Cell : 08866219767 (Guj.)
09829906319 (Raj.)

# 'Tara' Centre - Incharge

Shri S.N. Sharma
Mumbai (M.S.)
Cell : 09869686830

Shri Prem Kumar Mata
Banswara (Raj.)
Cell : 09414101236

Shri Prahlad Rai Singhaniya
Hyderabad (A.P.)
Cell : 09849019051

Prabha Ji Jhanwar
Amrawati
Cell : 09823066500

Shri Satyanarayan Agrawal
Kolkata
Cell : 09339101002

Shri Pawan Sureka Ji
Madhubani (Bihar)
Cell : 09430085130

Shri Vishnu Sharan Saxena
Bhopal (M.P.)
Cell : 09425050136, 08821825087

Shri Naval Kishor Ji Gupta
Faridabad (HR.)
Cell : 09873722657

Shri Anil Vishvnath Godbole
Ujjain (MP)
Cell : 09424506021

Shri Lunkaran Sharma
Vijaywada (AP)
Cell : 09392411117, 09440449633

Shri Kulbhushan Parashar
Birmingham (England)
Cell : (0044) 121 5320846, (0044) 7815430077

Shri Sethmal Modi
Dumka (Jharkhand)
Cell : 09308582741

Shri Vikas Chaurasia
Jaipur (Raj.)
Cell : 09983560006
09414473392

# Area Specific Tara Sadhak

**Shri Kamal Didawania**
Area Chandigarh, Haryana
Cell : 08950765483 (HR)
09001864783

**Shri Bhanwar Devanda**
Area Noida, Ghaziabad
Cell : 09660153806
09649999540

**Shri Amit Sharma**
Area Delhi
Cell : 09999071302,
09971332943

**Shri Sanjay Chaubisa**
Area Delhi
Cell : 09602506303

# NAME AND PLACE OF THE DONORS, WE ARE GRATEFUL TO THEM

Donors are requested kindly to send their photographs alongwith Donation for publishing in TARANSHU


Mr. Ramesh Chandra H. & Mrs. Bindu R. Shah
Mumbai


Lt. Mr. Rikhab Chand Jain & Mrs. Sayar Bai
Hyderabad


Mr. K.C. & Mrs. Prem Chaudhary
Jaipur (Raj.)


Mr. Somdatt & Mrs. Saroj Saini
Karnaal


Mr. Satyanarayan & Mrs. Shobha Bhavasinka
Aurangabad


Mr. Rajendra Kishan & Mrs. Suchija,
Mr. Sandeep, Latur (MH)


Mr. Darshan Kumar & Mrs. Shanti Devi Sharma
Yamunanagar


Mr. Giriraj & Mrs. Leele Devi Sharma
Kota (Raj.)


Lt. Mr. Hari & Mrs. Padma Sarvotma
Latur (MH)


Mr. Kamal Chand & Mrs. Pushpa Devi Kucheriya
Parbhanni (MH)


Mr. Nand Lal Thukral & Mrs. Svarnlata
Panchkula


Mr. Neeraj Rustagi with Family
Delhi


Mr. Ravindra Kumar & Mrs. Prabha Rani
Sarita Vihar, Delhi - 76


Mr. Basant Kumar & Mrs. Jaywanti Shrivastava
Ujjain


Mr. Krishna Agrawal & Mrs. Pramod Kumari
Lucknow (UP)


Mr. Balwant Singh with Wife
Oona (H.P.)


Mr. Mohan Asaray Charkha
Beed (MH)


Lt. Mr. Ramawatar Kulthia
Kolkata


Mr. Prem Prakash
Kulshreshth, Agra


Lt. Mr. O.P. Arora
New Delhi


Mrs. Pankit Patel
D/o Mr. Subhash Patel
Ahmedabad


Lt. Mrs. Asha Joshi
Jalandhar


Mr. Krishn Pal Sharma
Amritsar (Punjab)


Lt. Mrs. Bhagawanti Theetha
Delhi


Lt. Mrs. Malati Devi


Mrs. Saroj Jain
Jaipur


Mrs. Prachi Bhargava
New Delhi


Mr. Prem Kumar Chaudhary
Shriganganagar


Mr. Devi Singh Patel
Raghuvashi, Nateran


Mrs. Bhagwati Bai Patel
Raghuvashi, Nateran



Dr. Balgovind & Dr. Madhuri Jaiswal
Bhopal (MP)

Mr. Heera Bhai & Mrs. Reva Ben
Surat (Guj.)

Mr. Ram Kishor & Mrs. Tara Ben Gupta
Ahmedabad

Capt. A.N. Raina & Mrs. Asha Raina



Mr. Vinod Kumar & Mrs. Indra Verma
Ambala Cantt.

Lt. Mr. Ramsaroop Verma & Lt. Mrs. Prakash Lata
Ambala Cantt.

Mr. Virendra Singh & Kamlesh Solanki
Jaipur

Mr. P.N. Nagamaiya Gupta with Wife
Salem



Mr. Vasu Chauhan

Mr. Vijendra Narayan

Lt. Mr. Sandeep Batra
Ahmedabad

Mr. Shanti Lal Chandra
Mumbai

Mr. Jitendra
Rampur

Lt. Mr. Ghanshyam Das
Kakad, Hyderabad

Dr. Sapna Goyal
Meerut (UP)



Dr. P.N. Sharma & Mrs. Kanti Sharma
Bhopal (MP)

Mr. Ashok Kumar Mittal
Meerut (UP)

Mrs. Seema Mittal
Meerut (UP)

Dr. Sudhir Gupta
Sardhana (UP)

Mr. Navneet Kumar Jain
Meerut (UP)

Lt. Mr. Ambrish Kumar
Bhatnagar, Meerut (UP)



Mrs. Saroj Sharma
Meerut (UP)

Miss. Shruti Sharma
Meerut (UP)

Miss. Palak Sharma
Meerut (UP)

Mr. Shrey Sharma
Meerut (UP)

Mr. Kastur Chand Gupta
Kota (Raj.)

Lt. Mrs. Pramila Devi
Delhi

Mr. Anil Jain
Ludhiana



Mr. Purushottam Sharma
Shegaon (MH)

Mrs. Sharda Devi
Shegaon (MH)

Mr. Arvind Gupta
Jodhpur

Mr. Nitin Gupta
Jodhpur

Mr. Diwan Singh Malik
New Delhi

Mrs. Suman Singh
Jaipur

Mrs. Indra Prabha Sharma
Ajmer



Mrs. Beena Kansal
Surat (Guj.)

Mr. Ramesh Bhai Shah
Mumbai

Mr. Sunil Jain & Beena Jain with Family

Supported by
इंडियनऑयल
IndianOil
समाज के लिए
विनम्र योगदान

# जन-जीवन को सहारा
# यही प्रयास हमारा

इंडियनऑयल – जीवन को ऊर्जामय बनाते हुए

We are thankful to the Management of Indian Oil Delhi,
for their generous cooperation in making "Donation-Gift" of a
PHECO machine to TARA NETRALAYA, Delhi
for facilitating Free Cataract Surgery.Always grateful -
Tara Sansthan, Udaipur

## TARA SANSTHAN's EYE - HOSPITAL AT DELHI

**Tara Netralaya,** WZ-270, Navada, Metro Pillar 720, Uttam Nagar, Delhi - 110059

## INCOME TAX EXEMPTION

Donations to Tara Sansthan are TAX-EXEMPT under section 80G (50%) and 35 AC (100%) of IT Act. 1961

### Tara Sansthan Bank Account

| | |
|---|---|
| ICICI Bank A/c No. 004501021965 | IFS Code : icic0000045 |
| SBI A/c No. 31840870750 | IFS Code : sbin0011406 |
| IDBI Bank A/c No. 1166104000009645 | IFS Code : IBKL0001166 |
| Axis Bank A/c No. 912010025408491 | IFS Code : utib0000097 |
| HDFC A/c No. 12731450000426 | IFS Code : hdfc0001273 |
| Canara Bank A/c No. 0169101056462 | IFS Code : cnrb0000169 |

**Pan Card No. Tara - AABTT8858J**

Helpline Pharmacy
(Run By : Charitable Trust)
संस्था द्वारा दवाईयाँ 50% औसत छूट पर उपलब्ध है।
धार्मिक संस्था की इस दुकान पर मरीज़ों की सहायता के लिए
ज़ुकाम से कैंसर तक की सभी विश्वसनीय दवाईयाँ औसतन
आधे दामों (50%) पर उपलब्ध हैं। सभी फायदा लें।
18/4, Main Road, Yusuf Sarai Market, New Delhi-110016
Phone : 46072742, 32049150, 32049151,
E-mail : headoffice@mauria.com Website : www.helplinepharmacy.org

## 'तारा' के सेवा प्रकल्पों का कृपया टी.वी. चैनल्स पर प्रसारण देखें :-

पारस
'पारस' चैनल पर प्रसारण
अपराह्ण 3.40 से 4.00 बजे,
रात्रि 9.20 से 9.40 बजे

आस्था भजन
'आस्था भजन' चैनल पर प्रसारण
प्रातः 8.40 से 9.00 बजे

MA T.V. (UK)
'एमएटीवी' चैनल पर प्रसारण
रात्रि 8.10 से 8.30 बजे



## GIFT OF VISION TO 158 CATARACT PATIENTS

Our chief patron Shi N.P. Bhargava and Smt. Pushpa Bhargva made a donation of Rs. 5 lac for facilitating surgery of 158 Cataract patients to coincide with their birthday on February 9, 2013. It is a joyful fact that birthday of the Bhargava Couple falls on the same date the 9th of February every year. This year Shri Bhargava sb. celebrated his 80th Birth day and Smt. Bhargava, her 76th Birthday. Accordingly, cataract operations of 158 patients were performed at Tara Netralaya Delhi and Udaipur. We express our gratitude to our chief patron Shri N.P. Bhargava and Smt. Bhargava for their kind generosity on behalf of all cataract patients who have got the gift of vision form Shri Bhargava couple

## THANKS FOR THE GIFT

Shri J.J. Parshwanath Digambar Mandir Nagali dairy Delhi - 43 has gifted a vehicle (Take Venture) to Tara Netralaya (Tara Sansthan, Udaipur) for facilitating transportation of patients. We express our health felt gratitude to the Trustees of J.J. Parswanath Digambar Jain Mandir Nagali daily, Delhi for their generosity in supporting the humanitarian service endeavors of Tara Sansthan.




From (R) Smt. Kalpana Goyel, Founder and President, Tara Sansthan,
Shri Deepesh Mittal, C.E.O. Tara Sansthan, Shri K.L. Patel, Manager, Tara Sansthan,
Kunwar Shri Rajendra Singh Jain and Smt. Usha Jain, Trustees of J.J. Parshwanath Digambar Jain Mandir, Delhi - 43

तारांशु ( हिन्दी - अंग्रेजी ) मासिक समाचार पत्र, मई, 2013

RNI. No. - RAJBIL/2011/42978, Postal Reg. No. - RJ/UD/29-102/2012-2014, Dates of Posting - 11th to 18th each month at Udaipur H.O.

'तारांशु' - स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240-ए, हिरण मगरी, सेक्टर - 6, उदयपुर, राजस्थान से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री सत्यप्रकाश कुमार शर्मा द्वारा सागर ऑफसेट प्रिन्टर, इण्डिया प्रा. लि. प्लॉट नं. 518, इकोटेच - III, उद्योग केन्द्र एक्टेंशन - II, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर ( उत्तर प्रदेश ) में मुद्रित, सम्पादक - श्रीमती कल्पना गोयल

## तारा संस्थान के नि:शुल्क मानवीय सेवा प्रकल्प, आपसे प्रार्थित अपेक्षित सहयोग -सौजन्य राशि

### नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )

01 ऑपरेशन - 3000 रु., 03 ऑपरेशन - 9000 रु., 06 ऑपरेशन - 18000 रु., 09 ऑपरेशन - 27000 रु., 17 ऑपरेशन - 51000 रु.

मोतियाबिन्द जाँच-चयन-शिविर आयोजन एवं 21 ऑपरेशन सहयोग सौजन्य, प्रति शिविर ( राजस्थान में ) - 71000 रु.

मोतियाबिन्द जाँच-चयन-शिविर आयोजन एवं 21 ऑपरेशन सहयोग सौजन्य, प्रति शिविर ( राजस्थान से बाहर ) - 100000 रु.

चश्मा जाँच - चश्मा वितरण - दवाई सहयोग राशि, प्रतिशिविर - 21000 रु.

| तृप्ति योजना सेवा ( प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता ) | गौरी योजना सेवा ( प्रति विधवा महिला सहायता ) | आनन्द वृद्धाश्रम सेवा ( प्रतिबुजुर्ग ) |
|---|---|---|
| 01 माह - 1500 रु. | 01 माह - 1000 रु. | 01 माह - 5000 रु. |
| 06 माह - 9000 रु. | 06 माह - 6000 रु. | 06 माह - 30000 रु. |
| 01 वर्ष - 18000 रु. | 01 वर्ष - 12000 रु. | 01 वर्ष - 60000 रु. |

सहयोग राशि - आजीवन संरक्षक 21000 रु., आजीवन सदस्य 11000 रु. ( संचितनिधि में )

**आयकर में छूट :** तारा संस्थान को दिया गया दान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80G ( 50% ) व **35AC** ( 100% ) के अन्तर्गत आयकर में छूट योग्य मान्य है।

**निवेदन :** कृपया अपना दान - सहयोग नकद या 'तारा संस्थान, उदयपुर' के पक्ष में देय चैक/ड्राफ्ट द्वारा संस्थान के पते पर प्रेषित करने का कष्ट करें, **अथवा :** अपना दान सहयोग तारा संस्थान के निम्नांकित किसी बैंक खाते में जमा करवा कर 'पे-इन-स्लिप' अपने पते सहित संस्थान को प्रेषित करें ताकि दान - सहयोग प्राप्ति रसीद आपको तत्काल भेजी जा सके।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ICICI Bank A/c No. 004501021965 | IFS Code : icic0000045 | Axis Bank A/c No. 912010025408491 | IFS Code : utib0000097 |
| SBI A/c No. 31840870750 | IFS Code : sbin0011406 | HDFC A/c No. 12731450000426 | IFS Code : hdfc0001273 |
| IDBI Bank A/c No. 1166104000009645 | IFS Code : IBKL0001166 | Canara Bank A/c No. 0169101056462 | IFS Code : cnrb0000169 |

Pan Card No. Tara - AABTT8858J

'तारा' के सेवा प्रकल्पों का कृपया टी.वी. चैनल्स पर प्रसारण देखें :-

'पारस' चैनल पर प्रसारण
अपराह्ण 3.40 से 4.00 बजे,
रात्रि 9.20 से 9.40 बजे

'आस्था भजन'
चैनल पर प्रसारण
प्रात: 8.40 से 9.00 बजे

MA T.V. (UK)
'एमएटीवी' चैनल पर प्रसारण
रात्रि 8.10 से 8.30 बजे

बुक पोस्ट

Tara
ज्योतिर्मय जीवन

**तारा संस्थान**

डीडवाणिया ( रतनलाल ) नि:शक्तजन सेवा सदन
236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) 313002
मो. +91 9549399993, +91 9649399993
Email : tarasociety@gmail.com,
tara_sansthan@rediffmail.com
Website : www.tarasociety.org